दैनिक भास्कर 14/03/2024

# जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने जीता राष्ट्रव्यापी पुरस्कार

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने 4ई तरंग के तहत ऊर्जा तरंग संरक्षण पर राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता में भाग लिया। एमए प्रथम वर्ष की छात्रा रूशल मैसी और बीएससी कंप्यूटर साइंस की छात्रा सिमरदीप कौर ने कॉलेज और जिले को गौरवान्वित किया। प्राध्यापिका डॉ. अमिता ने बताया कि जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने 4ई तरंग के तहत ऊर्जा तरंग संरक्षण पर राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार अर्जित किया है। छात्रों ने अवधारणा योजना निर्माण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष 10 में स्थान अर्जित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया। मौके पर डॉ. नियति, डॉ. नेहा और डॉ. तृप्ति शर्मा मौजूद रहीं।